**फा.सं.25-I(05)/2023-एएचडी/एआर**
**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
*****

**फरवरी, 2023 माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय एवं प्रमुख उपलब्धियां।**

**1. गोपशु और डेयरी विकासः**

सचिव, एएचडी ने दिनांक 17.02.2023 को कृषि भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) की परियोजना संस्वीकृति समिति (पीएससी) की 8 वीं बैठक की अध्यक्षता की और 6 राज्यों (कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान,सिक्किम, तेलंगाना और उत्तराखंड) की कुल 8 परियोजनाओं को एनपीडीडी के घटक क के तहत 243.14 करोड़ रुपये (177.55 करोड़ रुपये काकेंद्रीय हिस्सा) की कुल लागत पर और घटक ख के तहत कुल 251.91 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथबिहार, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना राज्यों की कुल 11 उप-परियोजना योजनाओं (एसपीपी) कोअनुमोदित किया गया।

**2. पशुधन स्वास्थ्यः**

i. विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित "वन हेल्थ के लिए पशु स्वास्थ्य सहायता प्रणाली" परियोजना के लिए ईएफसी ज्ञापन को व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया था।
ii. विभाग ने दिनांक 22-24 फरवरी, 2023 बैंकॉक, थाईलैंड के विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूओएएच) फोकल पॉइंट्स के लिए क्षेत्रीय एनिम्यूज (एएनआईएमयूएसई) प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए एक अधिकारी को नामित किया।
iii. विभाग ने घरेलू बोवाइन पशुओं से वन्य और अन्य पशुओं को एलएसडी के किसी भी संभावित खतरे को रोकने के लिए उचित बफर जोन बनाए रखने सहित जैव सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्य पशुपालन विभागोंतथा वन/वन्य-जीवन प्राधिकरणों को परामर्शी जारी की है।
iv. राजस्थान राज्य में ग्लैंडर्स की घटना की पुष्टि होने पर, विभाग ने राज्य को रोग के आगे प्रसार को रोकने के लिए जूस्वच्छता उपायों को अपनाने, संक्रमित क्षेत्र से घोड़ों की आवाजाही की निगरानी/ उसे प्रतिबंधित करने के संबंध मे बताया।
v. विभाग ने दिनांक 13 और 14 फरवरी, 2023 को आईआईटीकैंपस, मुंबई में हीट वेव (विषयः प्रारंभिक आयोजना और प्रभावी कार्रवाईः जीवन बचाना) पर राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।
vi. झारखंड में एवियन इन्फ्लुएंजा की प्रकोप की पुष्टि होने पर, विभाग ने राज्य को परामर्शी जारी की और एवियन इन्फ्लुएंजा के समय पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए राज्य की सहायता करने और रोग के आगे प्रसार को रोकने के लिए केंद्रीय टीम तैनात की।
vii. पश्चिम बंगाल में लंपी त्वचा रोग (एलएसडी) का फिर से प्रकोप होने पर, विभाग ने एलएसडी के समय पर नियंत्रण और रोकथाम तथारोग के आगे प्रसार को रोकने के लिए राज्य को परामर्शी और दिशानिर्देश जारी किए हैं।

viii. एनएडीसीपी के तहत अब तक कुल मिलाकर 24.98 करोड़ गोपशुओं और भैंसों को ईयर टैग किया गया है तथा 23.72 करोड़ गोपशुओं और भैंसों को एफएमडी (राउंड-II) के लिए टीका लगाया गया है। इसके अलावा, ब्रुसेलोसिस के लिए 1.86 करोड़ संचयी टीकाकरण किया गया है। फरवरी, 2023 के दौरान लगभग 1.85 करोड़ पशुओं को एफएमडी के लिए टीका लगाया गया था तथा 17 लाख बोवाइन बछड़ियों को ब्रुसेलोसिस के लिए टीका लगाया गया था।

## 3. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग (आईसी):

i. सुश्री कैथलीन डोनोह्यू, सहायक उप मंत्री, कृषि और कृषि-खाद्य कनाडा के नेतृत्व में कनाडाई प्रतिनिधिमंडल और सचिव, एएचडी के बीच द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए दिनांक 27.02.2023 को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिन मुद्दों पर चर्चा हुई, उनमें अन्य बातों के साथ-साथ कनाडा में भारतीय डेयरी, पशुधन और पोल्ट्री उत्पादों की बाजार पहुंच शामिल थी। इसी तरह, कनाडा से भारत में पोल्ट्री, पैट फूड, लाइव बोवाइन, दूध और दुग्ध उत्पाद, पोर्क और पोर्क उत्पादों आदि के निर्यात के मुद्दों पर भी बैठक के दौरान चर्चा की गई।

ii. लंबित बाजार पहुंच मुद्दों पर चर्चा करने के लिए संयुक्त सचिव (व्यापार/आईसी) और सिंगापुर उच्चायोग में भारत की प्रथम सचिव, सुश्री अमांडा क्वेक, के बीच दिनांक 03.02.2023 को एक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान अन्य बातों के साथ-साथ भारत से सिंगापुर को भारतीय पोर्क के मांस, पोल्ट्री मांस और भैंस के मांस के निर्यात के मुद्दे तथा सिंगापुर से भारत को गैर-डिब्बाबंद पोर्क और उष्मा उपचारित (हिट ट्रीटिड) पोल्ट्री मांस के निर्यात के मुद्दों पर चर्चा की गई।

iii. भारत से अल्जीरिया को ताजे वैक्यूम पैक्ड, बोवाइन मांस के निर्यात सुकर बनाने के लिए निदेशक पशु चिकित्सा सेवा/कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा डब्ल्यूओएएच के अल्जीरियाई प्रतिनिधि डॉ. फेरोज बेंदाहमाने,के नेतृत्व मेंअल्जीरियाई प्रतिनिधिमंडल तथासंयुक्त सचिव (व्यापार/आईसी) के बीच एक वर्चुअल बैठक दिनांक 03.02.2023 को आयोजित की गई।

## 4. क्रेडिट, विस्तार और प्रचार (सीईपी) :

आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में, पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार ने दिनांक 28 फरवरी, 2023 को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, स्टार्टअप इंडिया, सीआईआई और तेलंगाना के पशुपालन विभाग के सहयोग से मैरियट कन्वेंशन सेंटर, हैदराबाद में एक भव्य स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव का आयोजन किया, ताकि पशुधन, डेयरी और पशुपालन के क्षेत्रों में मौजूदा और उभरते स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जा सके।

कॉन्क्लेव में चयनित स्टार्टअप्स को प्रदर्शित करना, पिच फेस्ट, क्रेता-विक्रेता बैठक और स्टार्ट-अप्स के लिए एक कार्यशाला शामिल थी, जिसमें पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में काम करने वाले शुरुआती चरण के स्टार्ट-अप्स को पिचिंग की कला, मुख्य व्यवसाय स्तंभों के निर्माण और उनकी स्टोरी ऑफ इम्पेक्ट के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

श्री परशोत्तम रूपाला, माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, भारत सरकार ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह आयोजन उद्यमियों, निवेशकों और उद्योग विशेषज्ञों को अपने विचारों, नेटवर्क को साझा करने और एक दूसरे से सीखने के लिएएक साथ लाया। इसने साथी उद्यमियों और हितधारकों के साथ नवीन विचारों और उत्पादों तथा नेटवर्क को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। इस

कार्यक्रम में उद्योग जगत के प्रमुख नेताओं के महत्वपूर्ण भाषण, इंटरैक्टिव सत्र, पैनल चर्चाएं और सफल स्टार्ट-अप द्वारा प्रस्तुतियां शामिल थीं।

**5. बजट:**

वर्ष 2022-23 के लिए फरवरी, 2023 तक 3440.97 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान के मुकाबले व्यय 1969.00 करोड़ रुपये था। फरवरी, 2023 माह के दौरान पशुपालन एवं डेयरी विभाग का व्यय 124.26 करोड़ रुपये था।

**6. सोशलमीडियाकार्यकलापः**

माह के दौरान विभाग के ट्वीटर पेज पर 93,655 फॉलोअर्स हैं । सोशल मीडिया कार्यकलापों के तहत, 132 रचनात्मक पोस्ट किए गए, 195 ट्वीट और 1156 री-ट्वीट किए गए, 1 वीडियो और जीआईएफ बनाया गया। विभाग की फेसबुक पर 1,33,298 फॉलोअर्स थे। विभाग के कू अकाउंट पर 1,18,600 फॉलोअर्स हैं। फरवरी, 2023 के अंत तक लिंक्डइन के 1562 फॉलोअर्स और इंस्टाग्राम के 1,271 फॉलोअर्स हो गए हैं।

******